# NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.

**(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING- *MINI RATNA COMPANY*)**
**(CIN: U74899DL1963PLC003913)**

**BEEJ BHAWAN, PUSA COMPLEX**

**New Delhi – 110012**

## OFFICE :- REGIONAL OFFICE, GANDHINAGAR
## GUJARAT-382421

## NOTICE INVITING E-TENDER

**FOR**

**Name of work:-**

**Hiring of Vehicle (Maruti Swift Dzire/Hyundai Xcent/Toyota Etios) With AC (White Color) On Monthly Basis and Toyota Innova Crysta on need basis For The Fy. 2021-22.**

LAST DATE & TIME FOR RECEIPT OF BIDS :- 12.05.2021 1300 Hrs

| Particulars | Telephone | e-mail | ahmedabad@indiaseeds.com |
|---|---|---|---|
| Regional Office, Gandhinagar | Ph:- 079-23600302 | | |
| Website | www.indiaseeds.com | | |
| e-portal | https://indiaseeds.eproc.in/ | | |

# TABLE OF CONTENTS


| TITLE | Page No. |
|---|---|
| Notice Tender Inviting | 3 |
| INSTRUCTIONS TO TENDERER | 4 |
| TERM & CONDITIONS FOR TENDERER | 5-10 |
| ANNEXURES | 11-14 |
| CONTRACT LETTER FORMAT | 15 |
| TECHNICAL BID | 16 |
| FINANCIAL BID-I | 17 |
| FINANCIAL BID-II | 18 |

दूरभाष: 079-23600302 Email: ahmedabad@indiaseeds.com

# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम- "मिनिरत्न" कम्पनी)
सीआईएन: U74899DL1963GOI003913
(आईएसओ 9001:2015 एवं 14001:2015 प्रमाणित कंपनी)
वेबसाइट: WWW.Indiaseeds.com
क्षेत्रीय कार्यालय:- बी-116-118,
स्वागत रेनफोरेस्ट II, कोबा हाइवे,
कुड़ासन, गांधीनगर (गुजरात)- 382421

NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.
(A Government of India Undertaking-"Mini Ratna" Company)
(CIN : U74899DL1963GOI003913)
(ISO: 9001:2005 and 14001:2015 Certified Company)
Website: WWW.Indiaseeds.com
Regional Office: B-116-118,
Swagat Rainforest II, KOBA Highway, Kudasan,
Gandhinagar (Gujarat)-382421

क्रमांक 1-8/एचआर-एनएससी/गांधीनगर/2021-22/ दिनांक: 20.04.2021

## ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर द्वारा निगम के विभिन्न कार्यों हेतु एक वाहन Maruti Swift Dzire/Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद कलर) मय ड्राइवर मासिक किराये के आधार पर लगाने हेतु एवं टोयोटा इनोवा क्रिस्टा आवश्यकता के आधार पर उपलब्ध करवाने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म/एजेंसी/संस्थान से दो बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) के आधार पर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, निविदा हमारी वेबसाइट https://indiaseeds.eproc.in पर केवल ऑनलाइन प्रेषित करें | निविदा हेतु हमारे ईपोर्टल https://indiaseeds.eproc.in पर निविदादाता का पंजीकृत होना आवश्यक है | प्राप्त निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर (गुजरात) के पास सुरक्षित रहेगा | इस सम्बन्ध में यदि कोई भूल सुधार ज्ञापन होगा तो केवल वेबसाइट पर ही डाला जायेगा |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | **निगम के आवश्यक कार्यों के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर को मासिक आधार पर एक Maruti Swift Dzire/Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद रंग) वाहन मय ड्राईवर उपलब्ध करवाना एवं आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा उपलब्ध करवाना।** |
| 2 | वाहनों की संख्या | 1 |
| 3 | EMD राशि | 10,000/- |
| 4 | निविदा प्रपत्र की कीमत | 236/- (200/- + 18%GST) |
| 5 | EMD व निविदा प्रपत्र की कीमत (Non refundable) जमा करने के लिए बैंक विवरण | A/C Holder Name : NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD, GANDHINAGAR<br>Bank Name: STATE BANK OF INDIA<br>BRANCH : INFOCITY, GANDHINAGAR<br>A/C : 38469471545<br>IFSC Code : SBIN0012700 |
| 6 | वाहन उपलब्ध करवाने की अनुमानित अवधि | मई 2021 से 31 मार्च 2022 |
| 7 | निविदा प्रारंभ होने की तारीख व समय | 21.04.2021<br>1100 Hrs |
| 8 | निविदा जमा करने का अंतिम दिन व समय | 12.05.2021<br>1300 Hrs |
| 9 | निविदा खोलने का दिन व समय | तकनीकी बिड:- 12.05.2021 1430 Hrs<br>वित्तीय बिड:- तकनीकी बिड के उपरांत |
| 10 | पत्राचार का पता | क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय:- बी-116-118, स्वागत रेनफोरेस्ट II, कोबा हाइवे,कुड़ासन, गांधीनगर (गुजरात)- 382421<br>e-mail:- Email: ahmedabad@indiaseeds.com दूरभाष: 079-23600302 |

क्षेत्रीय प्रबन्धक

# INSTRUCTIONS TO BIDDER – ONLINE MODE

## DEFINITIONS:

- **C1 India Private Limited:** Service provider to provide the e-Tendering Software.
- **NSCL e-Procurement Portal:** An e-tendering portal of National Seeds Corporation Limited ("NSCL") introduced for the process of e-tendering which can be accessed on https://indiaseeds.eproc.in.

## I. ACCESSING / PURCHASING OF BID DOCUMENTS :

- It is mandatory for all the bidders to have Class-III Digital Signature Certificate (With Both DSC Components, i.e. Signing & Encryption) from any of the licensed Certifying Agency under CCA, Ministry of Electronics and Information Technology, Government of India to participate in e-tendering portal of NSCL. Bidders can see the list of licensed CA's from the link www.cca.gov.in C1 India Pvt. Ltd. also facilitate Class III Digital Signature Certificate (With Both DSC Components, i.e. Signing & Encryption) to the bidders. Bidder may contact C1 India Pvt. Ltd. at mobile no. +91-8130606629 for DSC related queries or can email at vikas.kumar@c1india.com

- To participate in the e-bid, it is mandatory for the Applicants to get themselves registered with the NSCL e-Tendering Portal (https://indiaseeds.eproc.in) to have a user ID & Password which has to be obtained by submitting a non-refundable annual registration charges of Rs. 3416/- inclusive of all taxes through **online** mode. Validity of Registration is 1 year.

- The amendments / clarifications to the tender, if any, will be posted on the NSCL e-Tendering Portal (https://indiaseeds.eproc.in).

- To participate in bidding, bidders have to pay EMD (refundable) as per the amount mentioned in the tender document online through NEFT/RTGS after generating E-challan from https://indiaseeds.eproc.in.

- To participate in bidding, bidders have to pay Tender Processing Fee of Rs. 570/- inclusive of all taxes (Non-refundable) through online mode (internet banking/debit card/credit card).

- The Bidder may modify or withdraw their bid after submission prior to the Bid Due Date. No Bid shall be modified or withdrawn by the Bidder after the Bid Due Date and Time.

- Both 'EMD' and 'Tender Document Fee' are mentioned in individual tender document as published at NSCL e-Tendering Portal (https://indiaseeds.eproc.in).

- For helpdesk, please contact e-Tendering Cell and Help Desk Support Monday to Friday Ph: **0124-4302033/36/37, nsclsupport@c1india.com.**

- It is highly recommended that the bidders should not to wait till the last date of bid submission to avoid complications like internet connectivity issue, network problems, system crash down, power failure, browser compatibility issue, system compatibility issue, improper digital signature certificate problem etc. In view of this context, neither M/s National Seeds Corporation Limited nor M/s. C1 India Pvt. Ltd will be responsible for such eventualities.

**<u>राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर में किराये पर वाहन उपलब्ध करवाने हेतु नियम व शर्तें:-</u>**

**<u>Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद रंग) मासिक आधार पर मय ड्राईवर (जिसका कमर्शियल पंजीकरण / टैक्सी नंबर हो) उपलब्ध कराने हेतु आमंत्रित ई-निविदा के नियम व शर्तें</u>**

1. निविदादाता के पास कम से कम एक वाहन निविदा में चाहे गये वाहन के समतुल्य होना आवश्यक है जिसके आवश्यक दस्तावेज जैसे पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा, PUC (Pollution Under Control Certificate) आदि की स्वप्रमाणित छाया प्रति तकनीकी निविदा के साथ जमा करवानी होगी |
2. निविदादाता को ई-निविदा में भाग लेने के लिए दिए गये खाते में निर्धारित EMD राशि जमा करनी होगी | धरोहर राशि और निविदा शुल्क के बिना, निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
3. EMD राशी व निविदा फॉर्म शुल्क RTGS/NEFT मोड या ऑनलाइन (Net Banking) या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से केवल निविदादाता के खाते से ही जमा करनी होगी | डिमांड ड्राफ्ट भौतिक रूप से जमा करवाना होगा | जमा की गयी EMD राशि व निविदा फॉर्म शुल्क (गैर वापसीयोग्य) का विवरण Annexure-B पर दिए गये फोरमेट में भरकर अपलोड करने होंगे (यदि RTGS/NEFT या ऑनलाइन (Net Banking) मोड से जमा करवाया गया है तो) | यदि EMD राशी व निविदा फॉर्म शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवाया गया है तो उस डिमांड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा में उपलोड करनी होगी | डिमांड ड्राफ्ट **NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, गांधीनगर** के नाम पर तैयार किया होना चाहिए जो की भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिटी, गांधीनगर में देय हो । निविदादाता यदि एनएसआईसी के अंतर्गत पंजीकृत है तो उन्हे टेंडर शुल्क एवं ईएमडी जमा करवाने से छूट होगी परंतु उसके लिए उन्हे अनिवार्य रूप से एनएससीआई प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के साथ जमा करवाना होगा। निविदा के नियम एवं शर्तों की स्वीकृति के लिए निविदादाता को निविदा दस्तावेजों के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है।
4. सफल निविदादाता की EMD राशी प्रतिभूति राशि (Security deposit) के रूप में समायोजित कर ली जाएगी, जो की अनुबंध समाप्ति के एक माह पश्चात बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जायेगी| यदि निविदा मे निविदादाता द्वारा एनएसआईसी पंजीकरण के अधीन छूट लेकर EMD राशी जमा नहीं कारवाई गयी है, तो उन्हे स्वीकृति आदेश प्राप्त होने के उपरांत प्रतिभूति राशि (Security deposit) के रूप में रुपए 10000/- निगम के खाते मे जमा करवाने होंगे।
5. वित्तीय निविदा में दिए गए दर GST छोड़कर अन्य सभी करों सहित होना आवश्यक है, इस बाबत बाद में कोई भी परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा | निविदादाता के फर्म का GST पंजीकरण होना अनिवार्य है ।
6. बिना कोई कारण बताये, सभी प्राप्त निविदाओं या उनमे से किसी एक निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर के पास सुरक्षित रहेगा |
7. निविदादाता को निविदा के नियम व शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदा की प्रत्येक नियम व शर्तों की स्वीकृति के रूप में अपने हस्ताक्षर कर तकनिकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है | अहस्ताक्षरित निविदा स्वीकार नही की जाएगी | सक्षम आधिकारी की अनुमति के उपरांत तकनीकी निविदा में योग्य पाई गयी निविदाओं की वित्तीय निविदा निर्धारित समय पर खोली जाएगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश

घोषित किया जाता है, तो अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जाएगी | निविदादाता की शर्त पर निविदा स्वीकार्य नही होगी |

8. तकनिकी निविदा में सफल व वित्तीय निविदा में न्यूनतम दर (L1) देने वाले निविदादाता को सफल निविदादाता माना जायेगा | सफल निविदादाता को कार्य आदेश जारी होने के उपरांत असफल निविदादाताओं की धरोहर राशी को सम्बंधित निविदादाता के बैंक खातें में 30 कार्य दिवसों के अन्दर वापस किया जायेगा, जिसके लिए सभी निविदादाताओं को अपने बैंक खाते का विवरण Annexure-A दिए फॉरमेट में भर कर स्कैन प्रति अपलोड करनी होगी | सफल निविदादाता को दी गयी दरों पर दर Negotiation के लिए CVC के दिशानिर्देशों के तहत बुलाया जा सकता है |
9. यदि निविदाकर्ता अपनी निविदा की वैधता की अवधि के भीतर किसी भी संबंध में निविदा वापस लेता है या निविदा से हटाता है या निविदा में संशोधन करता है, या अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी तरीके से अनुबंध की किसी भी शर्त को भंग करता है या वाहन उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो निविदाकर्ता की ईएमडी/ प्रतिभूति राशि को जब्त करते हुए अनुबंध को समाप्त कर काली सूची में डाल दिया जायेगा |
10. सफल निविदादाता के साथ वांछित वाहन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर के साथ एक वर्षीय अनुबंध 100 रुपये के नॉन-ज्यूडिसियल स्टाम्प पर संलग्न परफार्मा के अनुसार हस्ताक्षरित करेगा | स्टाम्प की राशि सफल निविदादाता को वहन करनी होगी | संतोषपूर्ण सेवाओं के आधार पर उक्त अनुबंध की समीक्षा उपरांत अगले एक वर्ष तक के लिए दोनों पक्षों की सहमती पर बढ़ाया जा सकता है | जिसके लिए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर बाध्य नही होगा |
11. राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर को अनुबंध अवधि के दौरान वाहन प्रदाता को 15 दिनों का आग्रिम नोटिस बिना किसी कारण को स्पष्ट करते हुए, देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |
12. वाहन का पंजीकरण व्यावसायिक (TA. no.) होना अनिवार्य है, व निविदा खुलने की दिनांक से 2 वर्ष से अधिक पुराना नही होना चाहिए तथा संतोषजनक अवस्था में होना चाहिए | वाहन प्रदाता को अपने वाहन पर लगने वाले समस्त खर्चों (जिसमे चालक, इंधन, रख, रखाव, पुर्जे, बीमा, देय सभी कर व यातायात विभाग की मंजूरी, रोड टैक्स इत्यादी शामिल है) का पूर्णरूप से निर्वहन करना होगा | राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर द्वारा इस बाबत कोई खर्च नही उठाया जायेगा | वाहन पर किसी आधिकारिक दौरे के दौरान लगने वाले वाहन पार्किंग शुल्क व टोल टैक्स का भुगतान राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर द्वारा पार्किंग/ टोल टैक्स के बिल प्रस्तुति पर किया जायेगा |
13. वाहन चालक के पास वैध लाइसेंस व् ड्राइविंग का अनुभव आवश्यक है | यदि वाहन प्रदाता द्वारा किसी भी दिन वाहन उपलब्ध नही करवाया जाता है, तो प्रति दिन रूपये 1500 की कटौती उस माह के बिल में से एवं यदि वाहन विलम्ब से उपलब्ध करवाने पर रूपये 200 प्रति घंटे की दर से मासिक बिल में से कटौती करने के लिए राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर अधिकृत है । प्रातः 10:00 बजे के उपरान्त, 15 मिनट की देरी होने पर भी पूरे एक घंटे की कटौती की जाएगी । वाहन चालक को अल्कोहल / अन्य किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं के उपभोग की आदत नहीं होनी चाहिए, अनुशासन व आचरण सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर वाहन प्रदाता को 3 कार्यदिवसों के अन्दर दूसरा वाहन चालक प्रदान करना होगा |
14. वाहन चालक को प्रतिदिन वाहन के उपयोग का समस्त रिकॉर्ड ( जिसमे प्रारंभिक व अंतिम मीटर रीडिंग, किलोमीटर उपयोग, मार्ग विवरण, उपयोगकर्ता का नाम, हस्ताक्षर व यात्रा का समय इत्यादी) एक लॉग बुक

में दर्ज करना होगा व क्षेत्रीय कार्यालय के सम्बंधित आधिकारी के हस्ताक्षर करवाने होंगे | लॉग बुक सभी मायनो में सही व पूर्ण भरी होनी चाहिए ताकि मासिक बिलों का सत्यापन व भुगतान हेतु प्रस्तुतीकरण किया जा सके |

15. अनुबंधित वाहन को प्रतिदिन साधारणतः प्रातः 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक गुजरात राज्य मे भ्रमण हेतु कहीं भी ले जाया जा सकता है, एवं क्षेत्रीय कार्यालय की आवश्यक्तानुसार समय में बदलाव/ बढ़ाया जा सकता है |

16. वाहन को प्रातः 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे के उपरांत भी बुलवाया जा सकता है जिसकी सूचना मोबाइल के माध्यम से वाहन प्रदाता को पूर्व में दे दी जाएगी | जिसके लिए वाहन प्रदाता द्वारा उपलब्ध करवाए गये वाहन चालक के पास मोबाइल होना आवश्यक है |

17. यदि वाहन निगम के कार्य हेतु रात्रि में काम में लिया जाता है या बाहर ले जाया जाता है तो ड्यूटी के दौरान रात्रि विश्राम हेतु वाहन चालक को वितीय निविदा में दिए गये दर प्रति रात्रि की दर से भुगतान किया जायेगा जिसकी दर वितीय निविदा में देनी होगी | जो कि रात्रि 9:00 बजे के पश्चात लागू होगा |

18. निविदादाता को प्रति माह निर्धारित 1200 किलोमीटर के लिए अपनी दर वित्तीय निविदा-I में भरनी होगी | यदि वाहन प्रति माह 1200 किलोमीटर से अधिक चलाया जाता है तो इस अतिरिक्त किलोमीटर का भुगतान वितीय निविदा-I में प्राप्त दर (जो की रूपये प्रति किलोमीटर में होगी ) के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किया जायेगा |

19. वाहन प्रदाता क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम, गांधीनगर की अनुमति पर वाहन को अपनी लागत और जोखिम पर वापस अपने निजी स्थान पर ले जा सकता है।

20. वाहन मे किसी आधिकारिक यात्रा के दौरान अधिकारीगण व अन्य कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेवारी वाहन प्रदाता की होगी| अनुबंध अवधि के दौरान अनुबंधित वाहन से हुई किसी भी दुर्घटना या किसी भौतिक या वित्तीय क्षति, यातायात नियमो के उलंघन या वाहन को हुए नुकसान, चोरी, टूट-फूट, किसी अन्य पक्ष द्वारा लगाया गया हर्जाना या दावा, मुकदमा, शासकीय व अशासकीय दंड का भुगतान इत्यादि के मामले में वाहन प्रदाता की पूर्ण जिम्मेदारी होगी | इस बाबत राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर, होने वाले किसी मुक़दमे, हर्जाना, दावा किसी भौतिक या वित्तीय क्षति के लिए दायित्व निर्वहन या भुगतान के लिए जिम्मेदार नही होगा |

21. वाहन प्रदाता को भुगतान, स्वीकृत दरों पर निर्धारित प्रारूप में मासिक बिल एवं लॉग बुक कार्यालय में जमा करने पर प्रत्येक कैलेंडर माह के अंत में 30 दिनों के भीतर (अपरिहार्य परिस्थिति को छोड़ कर) मासिक आधार पर किया जायेगा | क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम, गांधीनगर के द्वारा, प्रदान की गयी सेवा के बदले किसी भी तरह का अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा| सरकारी नियमों के अनुसार अनिवार्य करों की कटौती बिल में से की जायेगी |

22. किसी भी यात्रा यात्रित/ परिस्थितिजन्य त्रुटी के कारण कार्यालय प्रभारी अधिकारी या किसी भी अधिकारी की प्रयोजनार्थ की जा रही यात्रा में यदि अधिकारी को वाहन की व्यवस्था में अतिरिक्त मूल्य वहन करना होता है तो उक्त मूल्य की कटोती फर्म के बिलों से की जाएगी |

23. सफल निविदादाता को कार्यादेश की प्राप्ति के 7 कार्य दिवसों में वाहन उपलब्ध करवाना होगा | निर्धारित समयावधि में वाहन उपलब्ध न करवाने की स्थिति में EMD/ प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी व अनुबंध निरस्त कर दिया जायेगा | किसी कारणवश वाहन बदलने की स्थिति में सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी |

24. वाहन का मीटर रीडिंग सभी मायनो में सही होनी चाहिए | वाहन की मीटर रीडिंग किसी भी समय पर तय की गयी दुरी से मेल खाना चाहिए | प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी समय मीटर रीडिंग शुद्धता की जाँच करने की व तदनुसार कार्रवाई करने की शक्ति होगी ।

25. वाहन उपलब्ध करवाते समय वाहन के सभी आवश्यक वैध दस्तावेज जैसे वाहन का TA No. पंजीकरण प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक के ड्राइविंग लायसेंस की छाया प्रति व अन्य आवश्यक दस्तावेज क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर के कार्यालय में जमा करवाने होंगे |

26. वाहन प्रदाता अगर ऐसा वाहन लगता है जिसका पंजीकरण वाहन प्रदाता के नाम पर नही है तो इसके लिए वाहन प्रदाता को 100 रूपये के नॉन-ज्युडीसिअल स्टाम्प पर शपथ पत्र देना होगा | जिसमे स्पष्ट हो कि वाहन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं वाहन प्रदाता की होगी, जिसके लिए वाहन मालिक भी सहमत होना चाहिए, जिसके नाम पर वाहन पंजीकृत है |

27. अनुबंध के दौरान डीजल, बीमा राशि, टैक्स की दरों में कमी या वृदि पर दरें प्रभावित नही होगी |

28. वाहन के चालक को निगम की ओर से भोजन, आवागमन संसाधन, चिकित्सा आदि की कोई सुविधा उपलब्ध नही करवाई जाएगी |

29. वाहन की दुर्घटना होने की स्थिति में वाहन एवं अन्य किसी पक्ष की क्षति पूर्ति के लिए केवल वाहन प्रदाता उतरदायी होगा तथा क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर की कोई जिम्मेदारी नही होगी|

30. वाहन प्रदाता यदि किसी भी समय वाहन चालक बदलता है तो इसकी पूर्व सुचना वाहन चालक के मोबाइल नम्बर सहित क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर के कार्यालय में देनी होगी | सुचना फ़ोन द्वारा भी दी जा सकती है |

**31. <u>आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा उपलब्ध कराने हेतु उपरोक्त के अतिरिक्त नियम व शर्ते</u>**

(अ) निविदादाता को प्रति किलोमीटर की दर वितीय निविदा-II मे देनी होगी एवं उसी दर पर चलाये गए किलोमीटर का भुगतान वितीय निविदा-II में प्राप्त दर (जो की रूपये प्रति किलोमीटर में होगी ) के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किया जायेगा | वित्तीय निविदा-II में दिए गए दर GST छोड़कर अन्य सभी करों सहित होना आवश्यक है, इस बाबत बाद में कोई भी परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा |

(आ) क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा ईमेल के माध्यम से वाहन की आवश्यकता के बारे मे एक दिन पूर्व वाहन उपलब्ध करवाने हेतु सूचित किया जाएगा। यदि वाहन प्रदाता उक्त वाहन को उपलब्ध नहीं करवा पाता है तो उसे रुपए 1500.00 का अर्थदण्ड लगाते हुए अन्य गाड़ी का इंतजाम वाहन प्रदाता के खर्च एवं रिस्क पर किया जाएगा एवं यदि कोई राशि निविदा की स्वीकृत दर से अधिक व्यय करनी पड़ती है तो निगम को हुए नुकसान की भरपाई वाहन प्रदाता के बिल से अथवा ईएमडी से करने का अधिकार क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम के पास सुरक्षित रहेगा।

(इ) वाहन वर्ष 2020 या उसके बाद का पंजीकृत होना चाहिए तथा संतोषजनक अवस्था में होना चाहिए | वाहन प्रदाता को अपने वाहन पर लगने वाले समस्त खर्चों (जिसमे चालक, इंधन, रख, रखाव, पुर्जे, बीमा, जीएसटी छोड़कर सभी देय कर व यातायात विभाग की मंजूरी, रोड टैक्स इत्यादी शामिल है) का पूर्णरूप से निर्वहन करना होगा | राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर द्वारा इस बाबत कोई खर्च नही उठाया जायेगा | वाहन पर किसी आधिकारिक दौरे के दौरान लगने वाले वाहन पार्किंग शुल्क व

टोल टैक्स का भुगतान राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर द्वारा पार्किंग/ टोल टैक्स के बिल प्रस्तुति पर किया जायेगा |

(ई) यदि वाहन निगम के कार्य हेतु रात्रि में काम में लिया जाता है या बाहर ले जाया जाता है तो ड्यूटी के दौरान रात्रि विश्राम हेतु वाहन चालक को वितीय निविदा-II में दिए गये दर प्रति रात्रि की दर से भुगतान किया जायेगा जिसकी दर वितीय निविदा में देनी होगी | जो कि रात्रि 9:00 बजे के पश्चात लागू होगा |

(उ) वाहन चालक को प्रतिदिन वाहन के उपयोग का समस्त रिकॉर्ड ( जिसमे प्रारंभिक व अंतिम मीटर रीडिंग, किलोमीटर उपयोग, मार्ग विवरण, उपयोगकर्ता का नाम, हस्ताक्षर व यात्रा का समय इत्यादी) ड्यूटी स्लिप में दर्ज करना होगा व क्षेत्रीय कार्यालय के सम्बंधित आधिकारी के हस्ताक्षर करवाने होंगे| ड्यूटी स्लिप को बिल के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा|

**32. ARBRITATION**

In case any dispute arises between NSC and the other party due to any term or matter, both the parties will opt to resolve it through mutual understanding and discussion. In case, dispute remains even after discussions, then it shall be binding upon parties to resolve issue under the provisions of arbitrations & conciliation Act, 1996 as amended from time to time under this provision, the Chairman-cum-Managing Director, National Seeds Corporation Limited with the concurrence of both the parties shall appoint Sole Arbitrator to resolve the issue and both the parties will have to abide by the decision. The parties will bind to resolve this dispute through arbitration before going to court of law. The Arbitration shall be conducted at New Delhi and shall in English Language. The court of Delhi shall have the jurisdiction.

उपरोक्त नियम व शर्तें (क्र. स. 1 से क्र. स. 32 तक) को मैंने अच्छे से पढ़ व समझ लिया है व मुझे पुर्णतः स्वीकार्य है |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

**अवश्यक दस्तावेज जिनको स्वप्रमाणित कर तकनिकी निविदा में उपलोड करने है -**

1. फर्म पंजीकरण प्रमाणपत्र ।
2. फर्म के जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि।
3. फ़र्म के पैन कार्ड की प्रतिलिपि ।
4. बैंक विवरण हेतु रद्द किया गया बैंक चेक एवं ईएमडी लौटने हेतु Annexure- A पर दिए अनुसार प्रपत्र |
5. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र / कार्यादेश (यदि कोई हो तो) ।
6. गैर काली सूचीबद्ध का शपथ पत्र (Annexure-C पर दिए अनुसार) ।
7. धरोहर राशि(EMD) व टेंडर प्रपत्र शुल्क के लिए NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, गांधीनगर के पक्ष में रुपये 10,000/- + 236 /- (Annexure- B पर दिए अनुसार ) या जमा करवाए गये डिमांड ड्राफ्ट की प्रतिलिपि अथवा एनएसआईसी पंजीकरण प्रमाण पत्र।
8. निविदा के सभी नियमों व शर्तों की स्वीकृति में हस्ताक्षरित पत्र।
9. वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र |
10. वाहन का PUC प्रमाण पत्र |
11. वाहन का बीमा
12. किसी भी सम्बन्धी का संस्था में कर्मचारी न होने के सम्बन्ध में पत्र (Annexure-D पर दिए अनुसार)

**Annexure-A**

(On letterhead of contractor with seal and signature)

(KINDLY FURNISH FOLLOWING VALID INFORMATION FOR AN QUICK REFUND OF EMD)

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रबन्धक,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर।

विषय : RTGS-Reg. के माध्यम से हमारे बैंक खाते में EMD की वापसी बाबत |

महोदय,

यदि हम/मै निविदा में असफल होता हूं (असफल निविदादाता होता हूँ) तो कृपया हमारे/मेरे द्वारा जमा करवाई गयी EMD राशि हमारे/मेरे निम्नांकित बैंक खाते में वापस करने का कष्ट करें |

| (अ) निविदादाता के बैंक का विवरण | | त्वरित और शीघ्र पत्राचार के लिए निविदाकर्ता का संपर्क विवरण | | |
|---|---|---|---|
| बैंक का नाम एवं सहर | | पता :- | |
| EMD राशि :Rs | | | |
| खाता संख्या | | टेलीफोन न. | |
| MICR Code. | | मोबाइल न. | |
| IFSC Code. | | फैक्स न. | |
| | | E-mail id | |

धन्यवाद

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर मय सील**

**Annexure-B**

## (On letterhead of contractor with seal and signature)

(only for those who has deposited EMD/ Tender Fee through RTGS/NEFT/Net Banking)

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रबन्धक,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर।

विषय : जमा करवाई गयी EMD/ निविदा प्रपत्र शुल्क का विवरण |

महोदय,

हमने/ मैंने निविदा में भाग लेने के लिए EMD राशि व निविदा प्रपत्र शुल्क राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर के खाते में जमा करवा दिया है जिसका विवरण निम्नवत है |

| Sr.No. | Particular | Amount in Rs. | RTGS/NEFT UTR No./Date | A/C no. Name and branch of the bank |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Earnest Money Deposit and tender fee | | | |

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर मय सील**

**FORMAT OF UNDERTAKING, TO BE FURNISHED ON COMPANY LETTER HEAD WITH REGARD TO BLACKLISTING/ NON- DEBARMENT, BY ORGANISATION**

**UNDERTAKING REGARDING BLACKLISTING / NON – DEBARMENT**

**AFFIDAVIT**

To,

The Regional Manager,
National Seeds Corporation Ltd.,
Gandhinagar (Gujarat)

We hereby confirm and declare that we, M/s ------------------------------------------, is not blacklisted/ De-registered/ debarred by any Government department/ Public Sector Undertaking/ Private Sector/ or any other agency for which we have Executed/ Undertaken the works/ Services during the last 5 years.

For ----------------------------------

Authorised Signatory

Date:

**Annexure-D**

# DECLARATION

## FOR NO NEAR RELATIVE (S) OF THE CONTRACTOR WORKING IN DEPARTMENT OF NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.

(To be given on Company Letter Head)

I………………s/o………………. r/o……………. hereby certify that none of my relative(s) as defined in the tender document no :        dated :          is/are employed in Department of National Seeds Corporation Ltd., as per details given in tender document. In case at any stage, it is found that the information given by me is false/incorrect, National Seeds Corporation Ltd., Regional Office, Gandhinagar shall have the absolute right to take any action as deemed fit/without any prior intimation to me.

Signed________________________________

Name (in Block Letters) ___________________________

Position_______________________________

Date _________________________________

Seal of the bidder

The near relatives for this purpose are defined as:

a) Members of a Hindu undivided family.

b) They are husband and wife.

c) The one is related to the other in the manner as father, mother, son(s) and Son's wife (daughter in law), Daughter(s) and daughter's husband (son in law), brother(s) and brother's wife, sister(s) and sister's husband (brother in law)

**अनुबंध पत्र**

**"अ"**

यह करार आज दिनांक .................को क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर (जिसको आगे प्रथम पक्षकार समझा जायेगा) व मैसर्स .......................(जिसको आगे द्वितीय पक्षकार कहा गया है ) के मध्य संपन्न किया गया है |

1. यह अनुबंध दिनांक..................से एक वर्ष तक मान्य होगा | संतोषपूर्ण सेवाओं के आधार पर उक्त अनुबंध की समीक्षा उपरांत अगले एक वर्ष के लिए दोनों पक्षों की सहमती पर बढ़ाया जा सकता है | जिसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर बाध्य नही होगा |
2. द्वितीय पक्षकार निविदा की सभी शर्तों को पालन करते हुए प्रथम पक्षकार की स्वीकृत दरों (जो उन्होंने अपने पत्र क्रमांक ...................दिनांक ..........द्वारा सूचित की है) में डीजल/पेट्रोल/आयल/ चालक व अन्य सभी कर (जीएसटी छोड़कर),रोड टैक्स सहित वाहन किराये पर उपलब्ध कराने को सहमत होगा |
3. द्वितीय पक्षकार ने .................रूपये प्रतिभूति राशि/EMD राशि के रूप में डिमांड ड्राफ्ट/ RTGS/ NEFT/ Net Banking संख्या ................दिनांक ................द्वारा जमा करवा दी है |
4. इस करार के सम्बन्ध में होने वाले समस्त विवाद इस करार के निर्वाचन सम्बंधित सभी प्रश्न क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर, द्वारा विनिश्चित किये जायेंगे तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर का विनिश्चय अंतिम होगा |
5. यदि द्वितीय पक्षकार अनुबंध की अवधि के दौरान किसी भी तरीके से अनुबंध की किसी भी शर्त को भंग करता है या वाहन उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो द्वितीय पक्षकार की प्रतिभूति राशि/EMD राशि को जब्त कर लिया जाएगा ।
6. क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर, अनुबंध अवधि के दौरान वाहन प्रदाता (द्वितीय पक्षकार ) को 15 दिनों का आग्रिम नोटिस (बिना किसी कारन स्पष्ट किये हुए) देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |
7. निविदा प्रपत्र में वर्णित सभी नियम व शर्तें ( 1 से लेकर 32 तक) इस अनुबंध का हिसा होगी व द्वितीय पक्षकार को मान्य होगी | जो की इस अनुबंध के साथ भाग **"ब"** में वर्णित है |
8. वाहन उपलब्ध करवाने की दरें निम्नवत होगी |

**"दर अनुसूची"**

| क्रम संख्या | मासिक आधार पर वाहन Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios) एसी(सफ़ेद रंग- | दर (रु.) with AC ( जीएसटी छोड़कर सभी करो सहित) |
|---|---|---|
| 1 | 1200 किलोमीटर प्रतिमाह हेतु दर (A) | |
| 2 | 1200 किलोमीटर प्रतिमाह से ऊपर दर प्रति किलीमीटर (B) | |
| 3. | रात्रि विश्राम की दर प्रति रात्रि | |

| क्रम संख्या | आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा उपलबद्ध करवाना | दर (रु.) with AC ( जीएसटी छोड़कर सभी करो सहित) |
|---|---|---|
| 1 | दर प्रति किलीमीटर | |
| 2. | रात्रि विश्राम की दर प्रति रात्रि | |

इसके साक्ष्य में इसके दोनों पक्षों ने दिनांक .............को अपने हस्ताक्षर किये है |

द्वितीय पक्षकार के हस्ताक्षर मय सील

क्षेत्रीय प्रबन्धक,
राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर

साक्षी

साक्षी

# <u>तकनीकी निविदा प्रपत्र</u>

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रबन्धक, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,
गांधीनगर।

विषय : क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर में किराये पर एक वाहन Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद रंग) मय ड्राईवर मासिक आधार पर एवं आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ..................... के सन्दर्भ में |

महोदय,

क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर में किराये पर एक वाहन **<u>Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद रंग)</u>** मय ड्राईवर मासिक आधार पर एवं आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ............. के तहत हम अपने वाहन प्रदान करने को इच्छुक हैं | उपरोक्त निविदा के लिए हम, अपने फर्म व वाहन से संबधित निम्नलिखित दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न कर तुलना हेतु प्रेषित करते हैं|

| सं. | विवरण | संलग्न (हां / नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | फर्म पंजीकरण प्रमाणपत्र | |
| 2. | फर्म के जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि | |
| 3. | फ़र्म के पैन कार्ड की प्रतिलिपि | |
| 4. | बैंक विवरण हेतु रद्द किया गया बैंक चेक एवं ईएमडी लौटने हेतु -Annexure A पर दिए अनुसार प्रपत्र \| | |
| 5. | कार्य अनुभव प्रमाणपत्र / कार्यादेश यदि कोई हो। | |
| 6. | गैर काली सूचीबद्ध का शपथ पत्र (Annexure-C के अनुसार) | |
| 7. | धरोहर राशि(EMD) व टेंडर प्रपत्र शुल्क के लिए NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, Gandhinagar के पक्ष में रुपये 10000/- +236 /- (Annexure-B के दिये अनुसार) या जमा करवाए गए डीडी की प्रतिलिपि अथवा एनएसआईसी पंजीकरण प्रमाण पत्र ( If tenderer claims the exemption on behalf of NSIC certificate for tender cost and EMD, tenderer must submit a valid NSIC certificate। | |
| 8. | निविदा के सभी नियमों व शर्तों की स्वीकृति में हस्ताक्षरित पत्र | |
| 9. | वाहन का पंजीकरण प्रमाण पत्र | |
| 10. | वाहन का PUC प्रमाण पत्र | |
| 11. | वाहन का बीमा | |
| 12 | किसी भी सम्बन्धी का संस्था में कर्मचारी न होने के सम्बन्ध में पत्र (Annexure-D के दिये अनुसार) | |

**हस्ताक्षर**

**निविदादाता फर्म का नाम -------------------**

**पूरा पता ---------------------------**

**मोबाइल नंबर----------------------- ईमेल आईडी------------------------**

# <u>वितीय निविदा-I</u>

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रबन्धक,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,

गांधीनगर।

विषय : क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर में किराये पर एक वाहन Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद रंग) लगाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ..................... के सन्दर्भ में |

महोदय,

क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर में किराये पर एक वाहन Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios (एसी-सफ़ेद रंग) उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ............. के तहत हम अपने वाहन प्रदान करने को इच्छुक हैं | इस आशय से निविदा के लिए हम अपने निम्नांकित दरों (जो कि GST छोड़कर अन्य सभी करों सहित व सभी प्रकार के डीजल/पेट्रोल/आयल एवं चालक सहित) को प्रेषित कर रहे हैं|

| क्र. सं. | मानदंड | Maruti Swift Dzire/ Hyundai Xcent/Toyota Etios) एसी(सफ़ेद रंग- |
|---|---|---|
| | | दर (रु.) जीएसटी छोड़कर सभी कर सहित |
| 1 | **1200 किलोमीटर प्रतिमाह हेतु दर (A)** | |
| 2 | **1200 किलोमीटर प्रतिमाह से ऊपर दर प्रति किलीमीटर (B)** | |
| 3. | **रात्रि विश्राम की दर प्रति रात्रि ©** | |

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का नाम --------------------

पूरा पता ----------------------------------

-------------------------------------------

मोबाइल नंबर------------------------------

ईमेल आईडी--------------------------------------

# वितीय निविदा-II

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रबन्धक,

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,

गांधीनगर।

विषय : क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर में आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा उपलबद्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ..................... के सन्दर्भ में |

महोदय,

क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, गांधीनगर में आवश्यकता के आधार पर टोयोटा इनोवा क्रिस्टा किराए पर उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक ............. के तहत हम वाहन प्रदान करने को इच्छुक हैं | इस आशय से निविदा के लिए हम अपने निम्नांकित दरों (जो की GST छोड़कर अन्य सभी करों सहित व सभी प्रकार के डीजल/पेट्रोल/आयल एवं चालक सहित) को प्रेषित कर रहे हैं|

| क्र. सं. | मानदंड | टोयोटा इनोवा क्रिस्टा (टॉप मोडल एसी) |
|---|---|---|
| | | दर (रु.) जीएसटी छोड़कर सभी कर सहित |
| 1 | **दर प्रति किलोमीटर** | |
| 2. | **रात्रि विश्राम की दर प्रति रात्रि ©** | |

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का नाम --------------------

पूरा पता ---------------------------------

-------------------------------------------

मोबाइल नंबर------------------------------

ईमेल आईडी--------------------------------------